# हरियाणा में 6.30 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन

**चंडीगढ़...** हरियाणा में चालू पिराई मौसम के दौरान सहकारी चीनी मिलों द्वारा अब तक 81.67 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 6.30 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। इसके अलावा असन्ध चीनी मिल ने 8.33 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 66,700 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। शाहबाद सहकारी चीनी मिल ने सर्वाधिक 13.51 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 1.17 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। इसके उपरान्त रोहतक सहकारी चीनी मिल ने 12.03 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 84,350 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। करनाल सहकारी चीनी मिल ने 9.68 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 80,100 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। सहकारी चीनी कैथल मिल ने 7.64 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 58,170 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। पानीपत सहकारी चीनी मिल ने 7.37 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 60,215 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। सहकारी चीनी मिल गौहाना ने 6.73 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 50,225 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। सहकारी चीनी महम ने 6.79 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 46,950 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। सहकारी चीनी मिल सोनीपत ने 6.08 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 46,000 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। सहकारी चीनी मिंल जीन्द कैथल ने 6.03 लाख क्विंटल, सहकारी चीनी मिल पलवल ने 5.8 1 लाख क्विंटल पिराई करके क्रमश 42,815 व 44,310 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है।

Business Bhaskar.
7-1-14